हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 16 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री



4 सरकारी अस्पताल में लगी आग, मची अफरा-तफरी




# 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

इच्छुक छात्र आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



Advt.


## खबर संक्षेप

### नगर सैनिकों की भर्ती आवेदन 30 तक

**कोरबा।** होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा 4 संभागीय केद्रों-रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र कुल 20 हजार 137 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिये छ.ग. व्यापम वेबसाईट के लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्म तिथि डालकर अभ्यर्थी छ.ग.व्यापम की वेबसाईट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 30 मई सायं 5 बजे तक है। व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र 13 जून को जारी किया जायेगा।

### समूह चयन के लिए दावा -आपत्ति 20 तक

**कोरबा।** कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा के द्वारा जिला कोरबा अंतर्गत सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरक पोषण आहार व्यवस्था अंतर्गत रेडी टू ईट एवं फोर्टीफाईड आटा का परियोजना स्तर पर स्थापित युनिट के माध्यम से निर्माण एवं आपूर्ति हेतु महिला स्व सहायता समूहों के चयन एवं कार्य से पृथक करने की प्रक्रिया का निर्धारण हेतु अभिरूचि का प्रस्ताव इच्छुक सक्षम महिला स्व सहायता समूहों से 7 अप्रैल से 21 अप्रैल तक कार्यालयीन समय सायं 5 बजे तक आवेदन डाक/कोरियर के माध्यम से आमंत्रित किया गया था। जिला स्तरीय रेडी टू ईट चयन समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का सूक्ष्म परीक्षण कर अंको की गणना कर अंक प्रदाय किया गया है तत्पश्चात योग्यता क्रम निर्धारण कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान दिया गया है। प्रावधिक सूची तैयार कर 15 मई से 20 मई तक कार्यालयीन समय में दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है।

### सतनामी कल्याण समिति कुसमुण्डा का शपथ ग्रहण समारोह आज

**कुसमुण्डा।** सतनामी कल्याण समिति कुसमुण्डा का आमसभा की बैठक गत दिवस आयोजित किया गया। पूर्व कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से मनोनयन के द्वारा किया गया। पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 16 मई को सतनाम भवन कुसमुण्डा में शाम 5 बजे स्थानीय पार्षद, समाज प्रमुख, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आयोजित होगा।

### बक्साही में समाधान शिविर आज

**कोरबा।** जिले के विकासखंडों के क्लस्टर ग्रामों में समाधान शिविर आयोजन कर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में 16 मई को विकासखंड पाली के ग्राम बक्साही कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत बक्साही, चेपा, हरनमुड़ी, खैराडूबान, मुनगाडीह, तालापार, दमिया, सरईपाली और डोंगानाला हेतु माध्यमिक शाला परिसर बक्साही में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

# ग्रामीण की कोठी में मादा सीवेट ने शावकों के साथ डाला डेरा, किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कटघोरा वनमण्डल अंतर्गत आने वाले हरदीबाज़ार क्षेत्र के मुंडाली गांव में दुर्लभ प्रजाति की एशियन पाम सिवेट एक ग्रामीण के धान के कोठी में मादा सीवेट अपने शावकों के साथ एक घर में रह रही थी। गांव वालों की नजर पडी तो उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों को दी जहां इन वन्य प्राणियों को रेस्क्यू करने के लिए वन विभाग एवं नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त टीम द्वारा एक सुनियोजित और सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए घटनास्थल पहुंची। यह रेस्क्यु ऑपरेशन कटघोरा वनमण्डल के वनमण्डलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देशानुसार उप वन मण्डलाधिकारी चंद्रकांत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस रेस्क्यू कार्य में नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एम. सूरज के नेतृत्व में जितेन्द्र सारथी, मयंक बागची एवं बबलू मारुवा, रेंजर अशोक मान्यवर, डिप्टी सुखदेव सिंह मरकाम, महेंद्र देवेंगन, केशव जायसवाल ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और पूरी सावधानी एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ सिवेट माता एवं उसके बच्चों को सुरक्षित तरीके से पकड़ा। यह कार्य अत्यंत संवेदनशीलता एवं विशेषज्ञता के साथ संपन्न किया गया ताकि जानवरों को कोई तनाव या हानि न हो। रेस्क्यू के उपरांत मां सिवेट एवं उसके 5 बच्चों को निकटवर्ती सुरक्षित वन क्षेत्र में पुनः प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया गया, जिससे वे अपने स्वाभाविक आवास में स्वतंत्र रूप से जीवनयापन कर सकें।

**हरदीबाजार क्षेत्र के ग्राम मुढ़ाली का मामला**

**खास बातें**

- कटघोरा वन मंडल के मुढ़ाली गांव में वन विभाग और नोवा नेचर की संयुक्त टीम ने किया रेसक्यू





**खनिज विभाग की विशेष टीम ने की कार्रवाई**

# रेत तस्करों के ठिकाने पर खनिज विभाग का छापा, 3 चेन माउंटेन सहित 12 वाहन जब्त



खनिज विभाग द्वारा जप्त की गई रेत व पोकलेन मशीन।



जप्त की गई ट्रेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कई ऐसे नदी नाले हैं जहां बड़े पैमाने पर रेत तस्करों का बोलबाला है। जहां बाकायदा चैन माउंटेन जेसीबी मशीन लगाकर बड़े पैमाने पर रेत की चोरी कराई जा रही है। ऐसे रेत तस्करों के खिलाफ खनिज विभाग की टीम ने गुरुवार को अलग-अलग स्थान पर छापामारी की कार्रवाई की। जहां 3 चैन माउंटेन, हाईवा सहित कुल 10 वाहनों को जप्त कर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर सहायक आयुक्त खनिज विभाग प्रमोद कुमार नायक ने जिले में रेत तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के लिए सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे व खनिज इंस्पेक्टर खिलावन कुमार कुल्हरिया सहित एक विशेष टीम को निर्देशित किया था जहां खनिज विभाग की टीम ने जिले के अलग-अलग स्थान पर छापेमारी की कार्रवाई की है। खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की प्राप्त शिकायतों की जांच एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान बरपाली तहसील अंतर्गत ग्राम झींका में खनिज के अवैध भंडारण प्रकरण में खनिज रेत व 1 नग चैन माउंटेन मशीन तथा रेत के अवैध परिवहन में 1 हाईवा, भैसमा तहसील अंतर्गत ग्राम कुदमुरा में खनिज के अवैध भंडारण प्रकरण में मौके से रेत, दर्री तहसील अंतर्गत ग्राम झोरा में रेत के अवैध उत्खनन प्रकरण में 2 नग चैन माउंटेन मशीन, उरगा क्षेत्र में खनिज के अवैध परिवहन में गिट्टी के 2 हाईवा, रेत के 1 टिप्पर व 2 ट्रेक्टर, कोरबा क्षेत्र में रेत में अवैध परिवहन में 1 ट्रेक्टर कुल 10 वाहन/मशीन खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही कर जप्त किया गया है।

### सोनपुरी घाट से दिन दहाड़े की जा रही रेत की चोरी



हसदेव नदी के किनारे लगातार रेत तस्कर पहुंचकर अवैध रुप से रेत की निकासी कर रहे हैं जिससे विभाग को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। वहीं रेत तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं होने से रेत तस्करों के हौसले बढ़ते ही जा रहे हैं। इन दिनों सर्वमंगला मंदिर के समीप सोनपुरी हसदेव नदी में रेत तस्करों ने अपना नया अड्डा बना रखा है जहां आसपास के रेत तस्करों ने नया सिंडिकेट बनाकर प्रतिदिन बड़े पैमाने पर रेत की निकासी कर रहे हैं। अब तक इस स्थान पर खनिज विभाग ने कोई बड़ी कार्यवाही नहीं की है जिसके चलते यहां बड़े पैमाने पर रेत की चोरी हो रही है। जिले के सर्वमंगला मंदिर के आगे ग्राम सोनपुरी में हसदेव नदी से रेत के चोरी किया जा रहा है। आए दिन 10 से 15 ट्रैक्टर रेत की चोरी किया जाता है जिसमें ड्राइवर के पास ना तो लाइसेंस है बिना लाइसेंस का ट्रैक्टर चला रहे हैं। रेत माफियाओं का हौसला इतना बुलंद है कि वे किसी से नहीं डरते। सोनपुरी घाट में दिन रात रेत की चोरी किया जाता है। ट्रैक्टरों से बिना रॉयल्टी से रेत की चोरी किया जा रहा है।

# दैहिक शोषण के मामले में आरोपी को 10 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवती को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने के मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 10 वर्ष सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत कमल किशोर राठौर ने वर्ष 2016 में क्षेत्र में निवासरत एक युवती के घर जबरन घुसकर दैहिक शोषण की घटना को अंजाम दिया था और बाद में उसे शादी करने का आश्वसन दिया था और इस घटना की जानकारी यदि किसी को देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद युवती को कमल किशोर बार-बार शादी का झांसा देता रहा और उसके साथ दैहिक शोषण करता रहा। यहां तक कि उसने पड़ोसी जिले के मंदिर में जाकर उसके साथ वरमाला डालकर शादी भी की थी लेकिन बाद में वह शादी से मुकर गया था। युवती की रिपोर्ट पर सिविल लाइन पुलिस ने कमल किशोर राठौर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोरबा श्रीमती सीमा प्रताप चंद्रा के न्यायालय में चल रही थी। जहां आरोपी कमल किशोर राठौर के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर धारा 376 (2)(एन) के तहत 10 वर्ष सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है।

# नराईबोध मुआवजा में 60 फीसदी कटौती सही रेट नहीं दिया तो होगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

जिला कार्यसमिति सदस्य कोरबा भाजयुमो एवं विधायक प्रतिनिधि कृष्णानंद राठौर ने ग्राम नराईबोध में मुआवजा वितरण को लेकर सवाल उठाया है कि जब एसईसीएल प्रबंधन ने पहले शत प्रतिशत मुआवजा देने का आश्वासन दिया था तो अब केवल 40 प्रतिशत ही क्यों दिया जा रहा है? शेष 60 प्रतिशत राशि आखिर किसे और क्यों दी जा रही है इस पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। ग्रामवासियों का कहना है कि जब उन्होंने इस संदर्भ में एसईसीएल प्रबंधन से बाजार मूल्य मार्गदर्शक रिपोर्ट की मांग की तो उसमें कहीं भी यह उल्लेख नहीं है कि मुआवजा राशि में कोई भी कटौती की जानी है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मुआवजा में की गई 60 प्रतिशत की कटौती मनमानी प्रतीत होती है, जिसका कोई वैधानिक या दस्तावेज़ी आधार नहीं है। इस अन्यायपूर्ण कटौती को लेकर ग्रामीणों में एसईसीएल प्रबंधन के प्रति तीव्र आक्रोश है पुनर्वास को भी लेकर असमंजस हैं। मुआवजा को संशोधन कर सही रेट में दे नही तो होगा 10 दिवस के अंदर उग्र आंदोलन होगा।



कृष्णानंद राठौर

**पांचों ब्लॉक से मिली रिपोर्ट, एक परिसर में संचालित हैं स्कूल**

# युक्तियुक्तकरण के दायरे में आए जिले के 391 स्कूल, बदले जाएंगे हेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन की युक्तियुक्तकरण की नीति के अंतर्गत जिले के पांचों विकासखंड से मिली रिपोर्ट के अनुसार 391 स्कूल ऐसे सामने आए हैं जो युक्तियुक्तकरण के दायरे में आ गए हैं। इनमें प्राइमरी स्कूल से लेकर हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। युक्तियुक्तकरण की इस प्रक्रिया में स्कूलों के हेड बदले जाएंगे।

बीते एक माह से युक्तियुक्तकरण को लेकर जिला शिक्षा विभाग के द्वारा जिले के सभी पांच विकासखंड मुख्यालय से ऐसे स्कूलों की रिपोर्ट मांगी गई थी जो एक परिसर में संचालित हो रहे हैं। 7मई तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा जमा की गई अंतिम प्रतिवेदन रिपोर्ट के तहत युक्तियुक्तकरण से प्रभावित होने वाले स्कूलों की संख्या 391 हो गई है। पूर्व में यह संख्या निर्धारित थी नए नियमों के तहत स्कूलों की संख्या बढ़ी है। इसके तहत अब स्कूलों के हेड बदले जाएंगे और दो स्कूलों का एक ही कंट्रोलर होगा। इससे दर्ज संख्या के हिसाब से शिक्षकों की पदस्थापना होगी। इस प्रक्रिया से लगभग सौ शिक्षक प्रभावित भी हो रहे हैं। शिक्षा विभाग के द्वारा युक्तियुक्तकरण अंतर्गत स्कूलों की सभी व्यवस्था 16 जून से पूरी कर ली जाएगी ताकि शाला प्रवेशोत्सव नए हेड के अंतर्गत संचालित हो।



फाइल फोटो

**शिक्षण संस्थानों के हेड बदले जाएंगे**

युक्तियुक्तकरण से स्कूल बंद नहीं होंगे अपितु समायोजित किए जाएंगे और इनके हेड बदले जाएंगे। 16 जून से पूर्व इसकी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

**-टीपी उपाध्याय,** डीईओ

**कहां कितने स्कूल**

0 एक ही परिसर में संचालित होने वाले प्राथमिक शाला-7
0 एक ही परिसर में संचालित होने वाले मिडिल स्कूल-6
0 एक ही परिसर में संचालित होने वाले प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल-310
0 एक ही परिसर में संचालित होने वाले प्रा., मिडिल, हाई स्कूल-27
0 एक ही परिसर में संचालित होने वाले प्रा., मिडिल, हाई, हायर सेकेंडरी स्कूल-15
0 एक ही परिसर में संचालित होने वाले प्रा. और हाई स्कूल-26

### सूने मकान में चोरी जुर्म दर्ज

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलयारीभाठा निवासी सुरूजभान दास बैरागी उम्र 38 वर्ष पिता स्व. ननकू दास बैरागी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 6 मई को शाम लगभग 7 बजे घर में ताला लगाकर सपरिवार दशरथभाठा पताढी मेहमानी में अपने दीदी घर गया था। सुबह घर वापस आकर देखा तो घर का दरवाजा टूटा था और घर के अंदर रखे दीवान का ताला तोड़कर सोने के कान का झुमका एक जोडी, एक नग अंगुठी दो नग फुल्ली, पीपर पत्ती 5 नग, गेहुं दाना 15 नग, चांदी का पायल एक जोडी, पैर का अंगुठी 6 नग, बाजू बंध और कुछ नगदी रकम, पावर बैंक एक नग सहित कुल 45 हजार रुपए का माल चोरों ने पार कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

ARPA RIVER VALLEY
INTERNATIONAL
SCHOOL

# BEHIND EVERY SCORE, THERE'S A STORY OF HOPE AND HARD WORK

ARVIS proudly celebrates the outstanding success of our ARVISIANS in the Grade 10th & 12th Board Exams. This achievement isn't just about high scores, it's about the dedication of our ARVISIANS, the commitment of our teachers, and the unshakable trust of our parents. **Congratulations to our young achievers,** you've made us proud, not just with your marks, but with your mindset and determination.

## OUR CLASS 12TH ACHIEVERS

ADITYA RAJ MATHUR 96.8%

- HARSH LAHRE 93.20%
- NEHA VERMA 92.20%
- ARNAV PRASAD 90.80%
- ISHANT KUMAR RATNAKAR 90.40%
- ABHILASH KHUTE 90.40%
- PRANJAL MISHRA 90%
- PRISHA SAHU 89.80%
- MAHIN HUSAIN 89.80%
- YASHI SHARMA 89.60%
- RICHA NIRNEJAK 89.60%
- RAJAT SAHU 89.60%
- ADARSH KUMAR ANCHAL 89.20%
- DEEPAK KUMAR CHANDRAVANSHI 89.20%
- KOMAL MANGTANI 88.60%
- KAVYANSH KASHYAP 88%
- NIHAL SINGH RAJPAL 87.40%
- MEDHANSHU BHARDWAJ 86%
- MD. SAIF AHMED 86%
- ANSHIKA AGRAWAL 85.80%
- NEERZARA PRADHAN 85.20%

## OUR CLASS 10TH ACHIEVERS

SHUBH KACHHWAHA 98.6%

- HARSHIT GUPTA 97.8%
- SAKSHI KEDIA 97.6%
- ADITYA SINGH 95.2%
- ADVAIT PETE 94.2%
- RADHIKA SAHU 93.8%
- AAHANA BASKAR 92.6%
- SOMYA WADHWANI 92.6%
- GURVEER SINGH CHAWLA 92.4%
- ANANYA YADAV 92%
- SWASTIKA KESHKAR 91.6%
- SAIANSH AGARWAL 90.8%
- MADHUSHRI GUPTE 90.4%
- ANUKRITI KUMARI 90.2%
- AARUSH AGRAWAL 89.8%
- VIVEK KUMAR KASHYAP 89.4%
- BHAWESH PATEL 88.4%
- AARADHYA GUPTA 86.8%
- MILEE JANGDE 86.4%
- RAGHUVEER SINGH KHARSAN 86%
- BAPY MAHANANDA 85.4%

## QUALIFIED AND DEDICATED FACULTY

- Digital Learning Support
- Holistic Learning
- Support for competitive exams
- Vast subject choices
- Global Exposure
- Career Orientations
- Excellent Co-Curricular Facilities
- Expert Sport Coaches

## SUBJECT COMBINATIONS OFFERED

Maths/Biology/Commerce/Humanities with various additional subjects like....

Legal Studies | Psychology | Dance (Kathak) | Entrepreneurship | CS/IT | Yoga | Fashion Studies




# ARPA RIVER VALLEY INTERNATIONAL SCHOOL

9981794669, 9669049994, 9893056085 Beside Radhasoami Satsang Beas, Dheka-Masturi Road, Bilaspur, Chhattisgarh - 495001 www.arvis.edu.in

## खबर संक्षेप



### महापौर ने रोड डिवाइडर निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**कोरबा।** महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि वे विकास व निर्माण कार्यो की गुणवत्ता, प्रयुक्त सामग्री की क्वालिटी पर फोकस रखते हुए कार्य पूर्णता की समयावधि का विशेष ध्यान रखें, कार्यो की नियमित मानीटरिंग करें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप संपादित हो रहा है। उन्होने कहा कि कार्य के दौरान गुणवत्ता को मेनटेन रखने से कार्य में टिकाऊपन रहता है, जिसका ज्यादा समय तक लाभ आमजनता व शहर को प्राप्त होता है, अतः निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष महत्व है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने टीपीनगर जोनांतर्गत संपादित कराए जा रहे रोड डिवाईडर के निरीक्षण के दौरान दिए। निगम द्वारा टीपीनगर जोन के अंतर्गत सेंट्रल स्टोर से अशोक वाटिका होते हुए स्टेडियम चौक तक रेलिंग सहित डिवाईडर निर्माण एवं विद्युतीकरण का कार्य 1 करोड़ 28 लाख रूपये की लागत से कराया जा रहा है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम के अभियंताओं के साथ उक्त डिवाईडर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कार्य की गुणवत्ता व प्रगति को देखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखें तथा कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि उक्त सड़क पर काफी संख्या में छोटे व बड़े वाहनों का आवागमन होता है। यहां की आवागमन व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने की दृष्टिकोण से उक्त रोड डिवाईडर का निर्माण कराया जा रहा है ताकि वहाँ की यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त हो सके तथा आमनागरिकों को आवागमन में अनावश्यक असुविधा पैदा न हों। इस अवसर पर जोन कमिश्नर व कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला, सहायक अभियंता सुनील टाण्डेय, उप अभियंता सोमनाथ डेहरे, दीपक यादव तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कटघोरा मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की मांग



**कटघोरा।** कटघोरा वार्ड क्रमांक 13 की भाजपा पार्षद श्रीमती शिवमती पटेल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से शहीद वीरनारायण चौक से अग्रसेन भवन मेन रोड पर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। पार्षद श्रीमती पटेल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जारी ज्ञापन में उल्लेख किया है कि कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में शहिद वीरनारायण चौक से अग्रसेन भवन तक जो मेन रोड है कटघोरा नगर का सबसे व्यवस्थ रोड है कटघोरा से बिलासपुर, अम्बिकापुर, कोरबा जाने का एक मात्र रोड है जो कि कटघोरा का मेन मार्केट रोड भी यही है। जहां दूरदराज एवं ग्रामीण अंचल के नागरिक व नगरवासी भी मार्केटिंग के लिये इसी रोड में खरीद्वारी व आवागमन करते हैं। शहीद वीरनारायण चौक से अग्रसेन भवन तक व्यवपारियों की दुकान बेखौफ तरीके से रोड के ऊपर दुकान का सामान निकाल दिया जाता है। जिससे सड़क दिनो दिन, सकरी होते जा रही है। जबकी शासन द्वारा रोड को चौड़ा करने और आवागमन को सुगम बनाने हेतु इसी रोड पर गौरव पथ, फुटपाथ, नाली का निर्माण किया गया है। नगर पालिका द्वारा समय समय पर अतिक्रमण के नाम पर सिर्फ नोटिस देकर या कुछ गरीब दुकानदार के ठेले को हटाकर अतिक्रमण के नाम पर खाना पूर्ति कर दिया जाता है। अगर सात दिन के भीतर शहीद वीर नारायण चौक से अग्रसेन भवन तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो वृहद आंदोलन किया जाएगा।

### पार्षदों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर जताया आभार

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में कार्यभार संभालने के पश्चात प्रशासनिक कार्यों को सधे हुए ढंग से संपन्न कराने के लिए नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीएमओ) ज्योत्सना टोप्पो को भाजपा के पार्षदों ने ज्ञापन सौंपकर उनका आभार व्यक्त किया है। बीजेपी पार्षदों ने बताया कि विगत तीन माह पूर्व बांकीमोंगरा नगर पालिका का गठन हुआ, जिसके बाद चुनाव, परिणाम घोषणा, शपथग्रहण, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का निर्वाचन, कार्यभार ग्रहण और पीआईसी गठन जैसे कई प्रशासनिक कार्य सीएमओ मैडम के नेतृत्व में समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराए गए। पार्षदों ने कहा कि इन कार्यों में लगभग दो माह लग गए, बावजूद इसके शेष बचे एक माह की अल्प अवधि में नगर के 30 वार्डों में संसाधनों और कर्मचारियों की कमी के बावजूद जनहित के कार्य निरंतर जारी हैं। यह कार्य प्रशासनिक समन्वय और नेतृत्व क्षमता का परिचायक है। पार्षदों ने इस कार्यकुशलता के लिए सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो ने कहा कि यह नवगठित नगर पालिका के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और इसे सरलता से संपन्न कराना प्रशंसनीय है।

## 2410 आवेदन प्राप्त, 1989 का मौके पर निराकरण

# सुशासन तिहार के तहत सिरमिना में आयोजित हुआ समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत सिरमिना में सुशासन तिहार के अंतर्गत क्लस्टर सिरमिना में एक दिवसीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहंचाया जा रहा।

शिविर में 2410 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1989 आवेदनों का तत्काल निराकरण कर संबंधित हितग्राहियों को मौके पर लाभ पहुंचाया गया। शिविर में शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जनपद पंचायत द्वारा राशन कार्ड, जॉब कार्ड वितरित किए गए और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। शिविर के मुख्य अतिथि डॉ. पवन सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सिरमिना में पुलिस चौकी और क्षेत्र में हाई मास्क सोलर लाइट लगाने की आवश्यकता भी बताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती माधुरी देवी सिंह तंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा ने की। इस अवसर पर प्रकाश चंद जाखड़, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, विद्वान सिंह मरकाम, जिला पंचायत सदस्य, तुलाराम भारद्वाज अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पोड़ी उपरोड़ा, स्थानीय जनपद सदस्य, तहसीलदार पोड़ी उपरोड़ा एवं पसान, सीईओ जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में ग्राम पंचायत सिरमिना सहित नवापारा, अटारी, सिमगा, घोसरा, जामकछार, छिंदिया, दम्हामुड़ा जैसे गांवों के नागरिक शामिल हुए। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिविर में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर समस्याओं का समाधान किया गया।



समाधान शिविर में हितग्राहियों को चैक देते अधिकारी।

### तुमान में 4042 आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण

जनपद पंचायत करतला के ग्राम पंचायत तुमान में सुशासन तिहार के अंतर्गत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमान में तृतीय चरण का समाधान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में कुल 4042 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3913 मांग और 129 शिकायतें थीं। सबसे खास बात यह रही कि सभी आवेदनों का मौके पर ही शत-प्रतिशत निराकरण किया गया, जिससे आमजन में शासन के प्रति विश्वास और संतोष की भावना प्रकट हुई। सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य यही है कि शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुँचें और उसकी समस्याओं का समाधान मौके पर हो। जनपद पंचायत करतला के सीईओ वैभव कुमार कौशिक ने जानकारी दी कि तुमान सेक्टर की 14 ग्राम पंचायतों से आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभागों द्वारा त्वरित रूप से निराकृत कर आमजन को जानकारी दी गई।



# जनसमस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश सरकार है प्रतिबद्धः संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में प्रदेश सरकार जनता जनार्दन की समस्याओं के निराकरण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष उदाहरण सुशासन तिहार का यह आयोजन है। सुशासन तिहार के माध्यम से प्रदेश की जनता की लाखों छोटी-बड़ी समस्याएं दूर की गई हैं, मांगे पूरी हो रही हैं।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सुशासन तिहार के तहत निगम के कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कही। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण छत्तीसढ़ राज्य व जिले के साथ-साथ नगर निगम क्षेत्र में भी सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तीसरे चरण में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में निगम के कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निगम के विभिन्न विभागों निर्माण, जल प्रदाय, विद्युत, प्रधानमंत्री आवास योजना, सम्पत्तिकर, संपदा, अतिक्रमण, स्थापना, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, सहित जिले के विभिन्न विभागों यथा राजस्व विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, कौशल विकास योजना सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाए गए थे, जिनके माध्यम से आमनागरिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न शिकायतों, समस्याओं व मांगों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्रदान की गई। महापौर ने शिविर में पहुंचकर स्थापित विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया तथा विभागवार निराकरण की स्थिति की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री व उप मुख्यमंत्री अरूण साव तथा उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के द्वारा प्राप्त हो रहे निरंतर मार्गदर्शन व आशीर्वाद से कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्र की जनता को यह विश्वास व भरोसा दिलाती हूं कि आपकी प्रत्येक समस्या के निराकरण व मूलभूत सुविधाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मैं पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हूं। समाधान शिविर के दौरान महापौर ने हितग्राहियों को राशन कार्डों का वितरण भी किया।



राशन कार्ड का वितरण करती महापौर एवं अन्य।

### सुशासन तिहार जनहितैषी सोच को कर रहा परिलक्षित

समाधान शिविर को संबोधित करते हुए पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर सुशासन तिहार का सफल आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार का यह आयोजन सरकार की जनहितैषी सोच को परिलक्षित कर रहा है, इसके माध्यम से एक ओर जहाँ प्रदेश की जनता की समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निराकरण हो रहा है, वहीं विकास को सही गति व दिशा प्राप्त हो रही है। इस दौरान पार्षद व निगम के पूर्व सभापति अशोक चावलानी ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से आमजनता की अपेक्षाएं पूरी हो रही हैं।

# सेंट विन्सेंट पलोटी का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मो.हम्जा। प्रियाम। दीपांशु। निखिल। गितांजलि। श्रेया।

सेंट विन्सेंट पलोटी स्कूल, रविशंकर शुक्लनगर, कोरबा से कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के सीबीएसई परीक्षा में सम्मिलित 175 छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाकर विद्यालय को गौरवानित किया। कक्षा 10 वीं में कुल विद्यार्थियों की संख्या 103 थी जिनका परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें मुहम्मद हम्ज़ा रसीद ने 90.20 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्रियाम मधुकर ने 90 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान, दीपान्शु नायक ने 87.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल की। इस प्रकार 55 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में पास की जिसमें 20 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया। कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय से निखिल रंजन यादव ने 94.60 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान, गीतांजलि राठौर ने 92.80 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं श्रेया अग्रवाल ने 92.40 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। गणित संकाय से पुष्कराश द्विवेदी ने 79.40 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, देवेश कुमार दुबे और खुशी यादव ने 75.20 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं मोहम्मद अनस कुरैशी ने 74.20 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय से श्रृष्टि स्वामी ने 86.80 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्रांजल बघेल ने 83.80 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान, एवं सुदीप्ता रॉय चौधरी ने 78.20 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल की। सेंट विन्सेंट पलोटी विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक शिक्षिकायें उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से गौरवानित है एवं सभी उतीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# ड्रैगन मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ी तृतीय राष्ट्रीय कूड़ो चैंपियनशिप पुणे के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तृतीय राष्ट्रीय कूड़ो चैंपियनशिप का आयोजन महाराष्ट्र के सुभाषचंद्र बोस बॉयज मिलिट्री स्कूल और जूनियर कॉलेज पुणे, महाराष्ट्र में 16 से 22 मई तक आयोजित की जा रही है। कूड़ो एसोसिएशन ऑफ़ कोरबा के जिला सचिव प्रेमराज बंजारे एवं कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार शर्मा ने बताया की उक्त प्रतियोगिता में ड्रैगन मार्शल आर्ट्स अकादमी निहारिका से तीन खिलाड़ियो अनुज अग्रवाल, वैभव कृष्ण और शौर्य तिवारी ने दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल जीत कर अपनी जगह बनाई थी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पूरे देश भर के 1500 से अधिक खिलाड़ी इसमें सम्मिलित होंगे। कूड़ो खेल एक जैपनिस हाइब्रिड मार्शल आर्ट्स है, जिसमे 10 प्रकार के मार्शल आर्ट्स के मिक्स्ड फॉर्म है, जिसके चेयरमैन बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार है। कूड़ो मार्शल आर्ट्स खेल एवं युवा कल्याण विभाग भारत शासन एवं छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण द्वारा मान्यता प्राप्त है। भाजपा जिला महामंत्री एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ राज्य कूड़ो संघ के उपाध्यक्ष अविनाश बंजारे, ड्रैगन मार्शल आर्ट्स अकादमी के संचालक अजीत कुमार शर्मा, अध्यक्ष किरण कुमार, सचिव प्रेमराज बंजारे, कोषाध्यक्ष देवाशीष कश्यप, खेल अधिकारी दीनू पटेल, सहायक खेल अधिकारी रामकृपाल साहू, जिला क्रीड़ा अधिकारी केआर टंडन, प्राचार्या स्मिता वी नायर, जैन पब्लिक स्कूल, मोहम्मद आरिफ, हार्दिक दुरेजा, रानी मरकाम, स्नेहा बंजारे, मुस्कान जायसवाल, ईशा सोनवानी एवं अभिभावक ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# राठिया समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत करतला में चंद्रवंशीय राठिया (कंवर) समाज के सामुदायिक भवन का विधिवत पूजा पाठ करके भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद राठिया, क्षेत्रीय विधायक फूलसिंह राठिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमति रेणुका राठिया, सचिव ठाकुर देव ट्रस्ट जनक राम राठिया, नाथू सिंह राठिया ग्राम पटेल करतला, रामेश्वर राठिया अध्यक्ष सरपंच संघ, घनश्याम राठिया बीडीसी, दुलार राठिया बीडीसी, सर्व सरपंच गढ़ श्रीमति फुलबाई राठिया करतला दीनानाथ राठिया घिनारा, मुकेश राठिया कोटमेर, अंतराम राठिया बरकोन्हा, श्रवण राठिया पीडिया, पुनी राम राठिया नोंदरहा,मुकेश राठिया कल्गामार, रामनारायण राठिया चैनपुर, छत्रपाल राठिया नवापारा, श्रीमति तेजेस्वरी राठिया सुअरलोट, श्रीमति द्रोपति राठिया बेहरचुआ,पूर्व सरपंच विनय सिंह राठिया रामपुर सहित अन्य उपस्थित थे।

# बालको ने पॉट लाइन में नया रीलाइनिंग डिजाइन से ऊर्जा की खपत में लाई कमी, सुरक्षा को दिया बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सस्टेनेबल और ऊर्जा-कुशल संचालन को बढ़ावा देने के लिए बालको ने अपने पॉटलाइन में एक नया रीलाइनिंग डिज़ाइन अपनाया है। 100 प्रतिशत ग्रैफिटाइज़ेशन के बाद से ऊर्जा की खपत में 400 किलोवाट घंटा प्रति मीट्रिक टन की कमी आई है, जिससे करंट एफिशिएंसी में सुधार हुआ है और उत्सर्जन में भी कमी आई है। इसके साथ बालको ने फिनिशिंग लाइन एरिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिमुलेटर को एकीकृत किया है, जो प्रक्रिया मापदंडों का व्यापक विश्लेषण करने में सक्षम हैं।

बालको ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर अपने पूरे मूल्य श्रृंखला में अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रचालन उत्कृष्टता और सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। दक्षता, सुरक्षा और विश्वसनीयता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बालको ने कई डिजिटल नवाचार किये हैं जिससे प्रचालन में सकारात्मक बदलाव आया है। यह समाधान रोल्ड प्रोडक्ट्स के उत्पादन को अधिकतम करने के लिए अनुकूल स्थितियों की पहचान कर प्रक्रिया दक्षता को बेहतर बनाते हैं। एआई आधारित उन्नत तकनीक ने बालको के फर्नेस में एनोड निर्माण की गुणवत्ता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह रोबोट-आधारित तकनीक फर्नेस की रिफ्रेक्टरी संरचनाओं का स्वतः परीक्षण करती है, जिससे घिसाव और क्षति का सटीकता से पता चलता है और एनोड की गुणवत्ता बेहतर होती है, साथ ही संचालन की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। बालको के 1200 मेगावाट बिजली संयंत्र में लागू किया गया एआई-संचालित कन्वेयर बेल्ट मॉनिटरिंग सिस्टम सुरक्षा और दक्षता दोनों को बढ़ाता है। यह सिस्टम कन्वेयर की स्वास्थ्य जांच, रियल-टाइम अग्नि अलर्ट और संचालन बेल्ट के पास मानव उपस्थिति की पहचान करता है, जिससे सुरक्षित संचालन सुनिश्चित होता है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम अपने प्रत्येक प्रचालन क्षेत्र में डिजिटल नवाचार को एकीकृत कर रहे हैं जिससे एफिशिएंसी, सेफ्टी और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ाया जा सके। हमारे डिजिटल पहल प्रचालन उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित कर रहे हैं जिससे हम भारत के एल्यूमिनियम उद्योग में नेतृत्व करते हुए सतत भविष्य के लिए योगदान दे रहे हैं। तकनीक का उपयोग अब एल्यूमिनियम भविष्य की धातु उत्पादन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। डिजिटल परिवर्तन के तहत 62 प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण किया गया।




### शपथ पत्र

मैं श्याम कुमार, उम्र 36 वर्ष, पिता- श्री बलराम, निवासी गायत्री नगर रजगामार तहसील व जिला- कोरबा (छ.ग.) का होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं।

01. यह कि, मैं उक्त पते पर निवास करता हूं तथा मेरा आधार न.- 7423 8788 9760 है। 02. यह कि, मैं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुख्य विश्वविद्यालय नई दिल्ली के रिजनल सेंटर- रायपुर के अध्ययन केन्द्र E.V.P.G. कॉलेज, कोरबा, जिला कोरबा से P.G.D.R.D. किया था। जिसका नामांकन न.- 161649629 है जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश श्याम साहू (SHYAM SAIIU) पिता- बलीराम साहू (BALIRAM SAHU) दर्ज है। 03. यह कि, छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन कार्यालय, शाखा कोरबा द्वारा मेरे नाम पर जारी ड्राईविंग लाईसेंस जिसका क्र.- CG-12-20150003573 जारी दिनांक 25.03.2015 में मेरा नाम श्याम साहू (SHYAM SAHU) पिता बलीराम साहू (BALIRAM SAHU) दर्ज है। 04. यह कि, मेरे आधार कार्ड एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम श्याम कुमार (SHYAM KUMAR) पिता- बलराम (BALRAM) अंकित है। जो कि सत्य एवं सही है। 05. यह कि, श्याम साहू (SIIYAM SAIIU) पिता बलीराम साहू (BALIRAM SAIHU) एवं श्याम कुमार (SHYAM KUMAR) पिता बलराम (BALRAM) दोनों एक ही व्यक्ति का नाम अर्थात मेरा ही नाम है दो अलग-अलग व्यक्तियों के नाम नहीं है।

06. यह कि, मैं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुख्य विश्वविद्यालय नई दिल्ली के रिजनल सेंटर- रायपुर के अध्ययन केन्द्र- E.V.P.G. कॉलेज, कोरबा, जिला कोरबा के अंकसूची में एवं मेरे ड्राईविंग लाईसेंस में मेरा सही नाम श्याम कुमार (SHYAM KUMAR) पिता बलराम (BALRAM) दर्ज कराना चाहता हूँ। 07. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है, जिसे संबंधित कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
श्याम कुमार


# मीसाबंदी हेतराम कर्ष को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आपातकाल के दौरान जेल निरुद्ध रहे मीसाबंदी हेतराम कर्ष को गुरुवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गयी। हेतराम बालको क्षेत्र के भदरापारा निवासी थे। जो बीते लगभग दो हफ्ते से अस्वस्थ चल रहे थे। गुरुवार की सुबह उन्होंने बालको के विभागीय अस्पताल में अंतिम सांस ली। जिसकी सूचना प्रशासन को मिलने पर कार्यपालिक दंडाधिकारी अधिकारी की निगरानी में सशस्त्र बल के जवानों द्वारा उन्हें तिरंगा अर्पित कर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम यात्रा के लिए घर से विदा किया गया। मीसाबंदियों को भाजपा सरकार लोकतंत्र सेनानी की उपाधि दी है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के कार्यकाल में जब आपातकाल लगा था। तब देश के बड़े नेताओं के साथ ढेर सारे लोग जेल में निरुद्ध किये गए थे। इनमें हेतराम कर्ष भी शामिल थे। जो 18 तक जेल में निरुद्ध थे। सभी मीसाबंदियों को भाजपा सरकार द्वारा सम्मान देने के लिए पेंशन योजना भी संचालित है। हेतराम कर्ष के आकस्मिक निधन पर उनके निवासस्थान भदरापारा पहुंचे कोरबा तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी ने बताया कि आज लोकतंत्र सेनानी हेतराम कर्ष का निधन हो गया है। जिन्हें सलामी देकर राजकीय सम्मान प्रदान किया गया है। हाल ही में गजट में इस आशय के आदेश का प्रकाशन हुआ था। जिसके परिपालन में आज यह राजकीय सम्मान की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया है।




## कोरबा मार्केट






## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत भलपहरी एवं धनवारपारा में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**हरदीबाजार।** पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भलपहरी में सरपंच श्रीमती सावित्री कामता प्रसाद मरावी की पहल से भलपहरी व आश्रित ग्राम मुक्ता (धनवारपारा) में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरबी की संयुक्त टीम डॉ श्रीमती संध्या सिदार ग्रामीण चिकित्सा सहायक, मनोज राठौर नेत्र सहायक अधिकारी, मनीषा श्याम, सरिता डहरिया सीएचओ, कन्हैया लाल पटेल लैब टेक्नीशियन, रामशरण राठौर एमटी के द्वारा स्वास्थ्य का जांच किया गया। जिसमें ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ रहने हेतु हिदायत दी गई। विशेष ग्राम के वृद्धजनों का नेत्र जांच कर जिला अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया। इस शिविर में कुल 46 ग्रामीण लाभांवित हुए। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन में उपसरपंच प्रहलाद राठौर, पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, रोजगार सहायक व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सहकारी बैंक ने खाताधारक किसानों को वितरित किया केसीसी चेक



**कोरबा।** ग्राम पंचायत तुमान में गुरुवार को सुशान तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम तुमान क्लस्टर अंतर्गत आने वाले आसपास के गांव के लोगों द्वारा दिये गए आवेदनों का निराकरण करते हुए समाधान किया गया। जिसमें मुख्य रूप आवास को लेकर आवेदन आये थे जिसमें हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पंजीकृत किया गया और करतला ब्लॉक के बरपाली स्थित जिला सहकारी बैंक बरपाली द्वारा किसानो को छ.ग.शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत एटीएम कार्ड एवं केसीसी चेक वितरण किया गया। समाधान शिविर में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के वन विभाग की सभापति श्रीमती सावित्री अजय कंवर व करतला जनपद की जनपद अध्यक्ष श्रीमति अशोका बाई कंवर, जनपद सदस्य तुमान तथा सरपंच के साथ साथ प्रशासनिक अधिकारियों में जिला पंचायत सीईओ, कोरबा एसडीएम, तहसीलदार, जिला सहकारी बैंक बरपाली के ब्रांच मैनेजर, कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### गुलजार अली, सुरजार अली, जब्बार अली और नजीरून बी का पट्टा किया गया निरस्त

**कोरबा।** न्यायालय कलेक्टर द्वारा शासकीय पट्टा प्रदान करने के पश्चात पट्टे की शर्तों की कंडिका क्रमांक 13 के अनुसार पट्टे प्राप्ति वर्ष से 5 वर्ष की अवधि तक 75 प्रतिशत भूमि को काश्त नहीं होने से शासकीय पट्टा के नियम एवं उल्लंघन प्रमाणित होने पर पट्टा निरस्त कर छत्तीसगढ़ शासन की पक्ष में राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु तहसीलदार करतला को आदेशित किया गया है। जानकारी के अनुसार न्यायालय कलेक्टर के आदेश तिथि 15.05.2025 को अनावेदकगण गुलजार अली पिता सुबराती अली, सुरजार अली पिता सुबराती अली, जब्बार अली पिता सुबराती अली तथा नजीरून बी पति जब्बार अली के नाम पर पृथक-पृथक शासकीय पट्टा प्राप्त हुआ था। न्यायालय कलेक्टर द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पट्टे की शर्तों की कंडिका क्रमांक 13 के अनुसार पट्टे प्राप्ति वर्ष से 5 वर्ष की अवधि तक 75 प्रतिशत भूमि को काश्त नहीं होने से शासकीय पट्टा के नियम एवं उल्लंघन प्रमाणित होने पर ग्राम नोनदरहा तहसील करतला जिला कोरबा स्थित भूमि खसरा नंबर 49/11 रकबा 2.023 हेक्टेयर, खसरा नंबर 49/17 रकबा 2.023 हेक्टेयर, खसरा नंबर 49/18 रकबा 2.023 हेक्टेयर, खसरा नंबर 49/39 रकबा 1.923 हेक्टेयर का पट्टा निरस्त कर छत्तीसगढ़ शासन के पक्ष में राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु तहसीलदार करतला को आदेशित किया गया है।

### करंट से व्यक्ति की मौत

कोरबा बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुद्वारा गली में किराए के मकान में रहने वाले एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक श्याम यादव उम्र लगभग 40 वर्ष जो कि बांकीमोंगरा के एक होटल में कार्य करता था। गुरुवार को उसका शव कुछ लोगों ने घर के अंदर कूलर के पास पड़े हुए देखा जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा जांच कार्यवाही की जा रही है।

### महिला से छेड़छाड़, जुर्म दर्ज

कोरबा। सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत झरनापारा 15 ब्लाक निवासी यशोदा साहू उम्र 32वर्ष पिता राजु साहू ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पुरानी रंजीस को लेकर 13 मई को शाम लगभग 8 बजे आंगनबाडी के बगल 15 ब्लाक में यशोदा साहू अपने सहेली आशा जांगडे के घर जा रही थी तभी शकील अंसारी एवं उसके भाई शहबाज अंसारी शराब के नशे में यशोदा साहू के सामने आ धमके और अश्लील हरकत करते हुये छेडछाड करने लगे और हाथ पकड़कर मारपीट करने लगे। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने शकील अंसारी एवं उसके भाई शहबाज अंसारी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## सभी मरीजों को निकाला गया सुरक्षित, शॉर्ट सर्किट बताई जा रही वजह

# सरकारी अस्पताल में लगी आग, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रानी धनराज कुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब तीसरी मंजिल के स्टोर रूम में स्थित ऑक्सीजन कंसंट्रेटर में आग लग गई। संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। आग लगने के समय अस्पताल में 10 से 12 मरीज भर्ती थे। आग लगने के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। स्टाफ नर्स व अन्य कर्मियों ने सभी मरीजों और उनके परिजनों को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कोतवाली

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में गुरूवार की सुबह आग लगने की घटना से अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट की वजह बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। दरअसल सुबह लगभग 8 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानी धनराज कुंवर अस्पताल की ऊपरी मंजिल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेज होने लगी। जिसे मौजूद कर्मचारियों ने देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी। इधर आग लगने की खबर जैसे ही अस्पताल के अंदर फैली और अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। आनन फानन में अस्पताल स्टॉफ ने मुस्तैदी दिखाते हुए अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और अग्निशमन यंत्रों और पानी से आग पर जल्द ही काबू पा लिया। आग लगने की इस घटना में अस्पताल के कुछ उपकरण और रिकॉर्ड जलकर खाक हो गए हैं। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता पता नहीं चल सका है, हालांकि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। कोरबा बीएमओ डॉ.दीपक राज ने बताया कि सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की दूसरी मंजिल से धुआं निकलता देखा गया। जिसके बाद अस्पताल के कर्मचारियों ने दमकल विभाग को सूचना दी और आग पर काबू पा लिया गया है। घटना में किसी भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि शॉर्ट सर्किट के कारण दूसरी मंजिल के स्टोर रूम में रखे उपकरणों में आग लगी है। उन्होंने बताया कि आग में कुछ उपकरण और रिकॉर्ड जलकर खाक हो गए हैं। आग लगने का सही कारण और उससे होने वाले नुकसान के बारे में अभी जानकारी नहीं मिली है।



आगजनी के दौरान आग को करते दमकल कर्मी।

**की जा रही जांच**

घटना में कोई नुकसान नहीं हुआ है। समय रहते सभी मरीजों को बाहर निकाल लिया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। एक मरीज के परिजन सुनीता कंवर ने बताया कि उनकी बेटी का प्रसव हुआ था। अस्पताल से धुआं निकलता देख राहगीरों ने सूचना दी। इसके बाद सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है।

**-एसएन केसरी,** सीएमएचओ, कोरबा

# अब हर सर्जरी और ऑपरेशन से पहले मरीज का हो रहा एचआईवी टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वास्थ्यविभाग ने डॉक्टरों और मरीजों की सुरक्षा को लेकर अहम कदम उठाया है। अब सरकारी अस्पताल में होने वाली सभी प्रकार की सर्जरी ऑपरेशन से पहले मरीज का एचआईवी टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है ताकि डॉक्टर मरीज एचआईवी से बचे रह सके। स्वास्थ्य विभाग ने यह फैसला एचआईवी पॉजिटिव की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी होने के कारण किया है।

नई गाइड लाइन के अनुसार, विशेषकर किसी भी प्रकार की सर्जरी वाले मरीजों का पहले एचआईवी टेस्ट कराना आवश्यक कर दिया गया है। वहीं अन्य बीमारियों के मरीजों का एचआईवी जांच कराने का मकसद एड्स बीमारी को रोकना है। इस सबन्ध में केंद्र सरकार ने गाइडलाइन जारी किया है। चूंकि, जिस तरह देश को पोलियो मुक्त किया गया, उसी प्रकार से अब देश को एड्स मुक्त भी बनाना है। इधर, जांच के लिए मरीजों को ओपीडी में जाने के बाद चिकित्सक उसे बीमारियों के इलाज के क्रम में ही एचआईवी टेस्ट कराने के लिए भी लिखेंगे। इसके बाद मरीज को बीडीएम अस्पताल में ही बने एड्स जांच केंद्र में भेजा जाएगा। जहां मरीज का सैंपल लेकर किट के माध्यम से जांच की जाएगी। दरअसल, केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों और मरीजों की सुरक्षा को लेकर अहम कदम उठाया है। लिहाजा, अब अस्पताल में होने वाली सभी प्रकार की सर्जरी ऑपरेशन से पहले मरीज का एचआईवी टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। डॉक्टर-मरीज एचआईवी से बचे रह सके। स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों ने डॉक्टरों को आंखों के ऑपरेशन समेत सभी प्रकार के ऑपरेशन सर्जरी से पहले मरीज का एचआईवी टेस्ट करना अनिवार्य कर दिया है। मरीजों का ऑपरेशन से एचआईवी टेस्ट किया जाता है, ताकि थियेटर सुरक्षित रहे और संक्रमण से बचा जा सके। हर मरीज के ऑपरेशन में अलग से औजारों का प्रयोग नहीं कर सकते। औजारों को संक्रमण से बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# करोड़ों के ठेके के बाद भी प्रभावित ग्रामीणों को नहीं हो रही पानी की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल द्वारा कोयला खदानों से प्रभावित ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल व निस्तारी के लिए पानी उपलब्ध कराने करोड़ों रूपये का ठेका दिया गया है। बावजूद इसके प्रभावित ग्रामों में ठेकेदार द्वारा नियमित रूप से पानी आपूर्ति की बजाए सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। ठेकेदार द्वारा नियमित रूप से पानी टैंकर की आपूर्ति नहीं की जा रही है, जिसकी वजह से प्रभावित गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल व निस्तारी के लिए जूझना पड़ रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

गर्मी का तापमान का पारा सर चढ़कर बोल रहा है गर्मी से बचने के लिए लोगों को कैसे दिन काटने पड़ रहे हैं यह तो वही जानते हैं, लेकिन इस बीच गर्मी में एसईसीएल से प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रभावित ग्रामों में पानी नहीं मिलना लोगों के लिए आफत बन गया है। प्रबंधन ने जिनको ठेका दिया है उन ठेकेदारों द्वारा क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों में नियमित पानी आपूर्ति के लिए सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। अपने ठेके का दिन काटने में लगा है और समय मियाद पूरा होने का इंतजार किया जा रहा है। एसईसीएल द्वारा प्रतिवर्ष प्रभावित ग्रामों में हर पारा मोहल्ला गली में शुद्ध पेयजल व निस्तारी के लिए लगभग करोड़ों का टेंडर निकालकर ठेका दिया जाता है, लेकिन ठेकेदार के द्वारा ना तो नियमित पानी आपूर्ति की जाती है और ना ही टैंकर से पानी सप्लाई नहीं किया जाता जिस तरह से मेगा प्रोजेक्ट में मिलियन टन का उत्पादन लक्ष्य को बढ़ाया गया है और लगातार प्रबंधन के द्वारा खदान विस्तार किया जा रहा है। खदान का विस्तार करने के वजह से खदान इतनी गहराई खुदाई किया जा रहा है जिसके कारण प्रभावित ग्रामों में हैंड पंप कुआं बोर जैसे इत्यादि सूख गया है। गर्मी के दिनों में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल व निस्तरी के लिए जूझना पड़ रहा है। प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों ने गांव के प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार प्रबंधन को पानी की समस्या को लेकर समाधान की मांग की गई है। बावजूद इसके प्रबंधन के द्वारा ठेकेदार के ऊपर निगरानी का काम नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है कभी भी फूट पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि शुद्ध पेयजल व निस्तारी के लिए नियमित पानी का टैंकर प्रबंधन के द्वारा पहुंचना है, लेकिन पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने स्वयं 600 रुपए में पानी का टैंकर किराए में कर अपनी पानी आपूर्ति को पूरा करने को मजबूर हैं। उनका कहना है प्रबंधन के द्वारा क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों में पानी की आपूर्ति के लिए हर साल टेंडर जारी कर ठेका दिया जाता है लेकिन किसी तरह ठेकेदार के द्वारा समय बिता कर अपना बिल पास करवा लेते हैं।



पानी के लिए लाइन में लगे ग्रामीण।

**खास बात**

- एसईसीएल से प्रभावित ग्राम का मामला, प्रबंधन पेयजल के नाम पर खर्च कर रही राशि

# कभी हाथी की धमक तो कभी मौसम की मार कोरबा में 73, कटघोरा में 72 फ़ीसदी हो पाया तेंदूपत्ता का संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस बार लगातार बदलते मौसम के मिजाज की वजह से वन विभाग परेशान है। कभी मौसम की मार झेलनी पड़ रही है तो कभी हाथी की धमक की वजह से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य प्रभावित हो रहा है। लगातार इस तरह की परिस्थितियां निर्मित होने की वजह से इस बार कटघोरा वनमंडल में तेंदूपत्ता का संग्रहण लक्ष्य को हासिल करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन नजर आ रहा है। अब संग्रहण समाप्ति की ओर है लेकिन ऐसे में अब तक कोरबा वनमंडल में 73 फ़ीसदी और कटघोरा वनमंडल में 72 फ़ीसदी ही तेंदूपत्ता का संग्रहण पूरा हो पाया है। हालांकि अभी और भी शेष दिन बचे हुए हैं। संभावना जताई जा रही है कि दोनों ही वनमंडल में 90 फ़ीसदी तक संग्रहण लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि मई माह की शुरुआती दिनों में ही तेंदूपत्ता का संग्रहण कार्य शुरू हो जाता है। हर वर्ष दोनों ही वनमंडल में 1 या 2 मई को तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य तेजी से शुरू किया जाता है लेकिन इस बार लगातार बदलते मौसम की मिजाज व लगातार आंधी तूफान को बारिश की वजह से शुरुआत में ही तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो गया था और विलंब से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू कराया गया है तो वहीं दूसरी ओर जिले की कोरबा और कटघोरा वनमंडल में मौसम के बदलते तेवर और हाथियों की धमक से लोग भयभीत नजर आ रहे हैं। एक दिन पहले ही कोरबा वनमंडल में दंतैल हाथी ने आधा दर्जन लोगों को दौड़ाथा जिसमें भागने के दौरान एक महिला घायल हो गई थी जिसके चलते कई समितियों में संग्रहण को रोकने की नौबत आ गई थी। अब तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य अंतिम दौर पर है। वन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक कोरबा वनमंडल में इस वर्ष 53800 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाना था जिसके एवज में अब तक 39493 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया है जो कुल संग्रहण का 73 फीसदी है। जबकि कटघोरा वनमंडल में इस साल 76300 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाना है जिसके एवज में 55398 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण हो पाया है जो कुल संग्रहण का 72 फीसदी है। आने वाले शेष दिनों में विभाग के अधिकारियों का प्रयास होगा कि अधिक से अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण लक्ष्य को पूरा किया जा सके लेकिन जिस तरह से मौसम के बार-बार तेवर बदल रहे हैं इससे संग्रहण लक्ष्य को इस बार हासिल कर पाना मुश्किल नजर आ रहा है। अधिकारी दबी जुबान में बता रहे हैं कि अधिक से अधिक 90 प्रतिशत तक तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य पूरा किया जा सकता है।



कटघोरा वनमंडल में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य का निरीक्षण करते अधिकारी।

### महिला के ऊपर पेड़ की शाखा गिरने से मौत

तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला के ऊपर पेड़ की डंगाल गिरने से उसकी हालत गंभीर है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कपोट के आश्रित मोहल्ला सोटापारा निवासी महिला बूंद कुंवर पति कृपाल सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष 11 मई को लगभग 10 बजे तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गई थी। वहीं तेंदू पेड़ के ऊपर सुनील मरकाम पिता गोपाल सिंह पेड़ की डंगाल काट रहा था जो कि महिला के ऊपर गिर गया जिससे उक्त महिला गंभीर हो गई जिसे उपचार के लिए पाली हॉस्पिटल ले गए। जहां पर इलाज के दौरान बूंद कुंवर की मौत हो गई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को नही दी है और महिला के शव का कफन दफन कर दिया है।

### तेंदूपत्ता संग्राहकों को किया गया अलर्ट


कोरबा वनमंडल के कोरकोमा जंगल में विचरण कर रहे लोनर हाथी लुदुखेत एवं चचिया के जंगल होते हुए अब जिल्गा पहुंच गया है। लोनर ने यहां पहुंचने से पहले चचिया में उत्पात मचाते हुए दो ग्रामीणों के धान की फसल को रौंद दिया जिससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। लोनर के जिल्गा क्षेत्र में पहुंचने की सूचना मिलने पर संबंधित अमला सतर्क हो गया है और लोनर की निगरानी करने के साथ जिल्गा व आसपास के गांवों में मुनादी कराने में जुट गया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि क्षेत्र में लोनर हाथी विचरण कर रहा है इसलिए तेंदूपत्ता तोडने के लिए जंगल की ओर न जाए तथा दूरी बनाए रखे। उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के चोटिया एवं जटगा रेंज के जंगलों में बड़ी संख्या में हाथी अभी भी विचरण कर रहे हैं जिनकी निगरानी में वन विभाग जुटा हुआ है।

# पीडब्ल्यूडी और ठेकेदार की उदासीनता से पुल का निर्माण अधूरा, बारिश में फिर होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

क्षेत्र की एकमात्र जीवनदायिनी लीलागर नदी ठंडी व गर्मी में समान्य रहती है लेकिन बारिश के दिनों अधिक बारिश होने पर अपनी रौद्र रूप में रहती है जो हरदीबाजार-रेकी को जोड़ने वाली पुल दूसरा हरदीबाजार-नेवसा, उतरदा को जोड़ने वाली पुल की ऊंचाई कम होने के कारण पुल के ऊपर से 2-3 फ़ीट ऊपर ऊफान के साथ तेज रफ्तार से बहती है।

हरदीबाजार से रेंकी मार्ग पर बना पुल व हरदीबाजार से नेवसा मार्ग पर बने दोनों पुल की बहुत ही कम होने से उनकी ऊंचाई बढ़ाने की मांग क्षेत्र के लोगों की रही लेकिन स्वीकृत केवल नेवसा मार्ग पुल की होने पर पीडब्ल्यूडी सेतू निर्माण विभाग ने 1 करोड़ 75 लाख की लागत से 60 मीटर लंबी पुल का निर्माण अप्रैल 2024 से ठेकेदार के माध्यम से कार्य करना शुरू किया गया, जिसे वर्ष 2025 बारिश से पूर्व बनाने की बात पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर दिनेश कुमार आरमोर ने कहीं थी लेकिन पुल निर्माण की गति कछुआ चाल से भी धीमी गति से चल रही है। जिससे स्पष्ट है कि इस बारिश में इस नये पुल का लाभ क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पाएगा। बारिश में अधिक बारिश होने पर इस बार भी पुराने पुल से 2-3 फ़ीट ऊपर पानी बहेगा और आवागमन बाधित होगी। इस मार्ग से नेवसा, उतरदा, सिल्ली, बोईदा, सरायपाली, कसियाडीह झांझ, नीतू, आमानारा, कुकदा, कुली, खम्हरिया, बलौदा, सीपत, बिलासपुर को यात्री बस सहित अन्य साधन भी अवागमन करते हैं जो जिला मुख्यालय कोरबा जाने वालों को समस्या उठानी पड़ेगी। खास बात तो यह भी है कि उतरदा रेलडबरी में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल का निवास भी है और उन तक पहुंचने या उन्हें आने में भी परेशानी होगी।



**बारिश के बाद होगा काम**

आने वाले बारिश से पूर्व पुल का निर्माण नहीं हो पाएगा। अब पुल का निर्माण बारिश के बाद ही हो पाएगा। काम की गति बहुत धीमी है। अभी एक स्लेब की ढलाई हुई है, तीन स्लेब बनना है, अभी दूसरे स्लेब की तैयारी चल रही है।

**दिनेश कुमार आरमोर,** इंजीनियर पीडब्ल्यूडी सेतू निर्माण

## मेडिकल कॉलेज के डीन ने बताया कि नेत्रदानियों की आंख का केवल कार्निया निकाला जाएगा

# हमारी मौत के बाद भी दुनिया देखेंगी आंखें : सहारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा का नाम भी अब उन शहरों में शुमार हो गया है जहां नेत्रदान और देहदान पर अमल करने की व्यवस्था है। कॉर्निया निकालने के कुछ घंटे के भीतर ही मृत व्यक्ति की आंखें किसी और को दृष्टि प्रदान कर इस जगत को देखने लगेंगी।

उक्त बातें मेडिकल कॉलेज कोरबा के डीन डॉ के के सहारे ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने बताया कि भारत विकास परिषद के प्रयास से अब कोरबा में भी नेत्रदान की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। दानी की आंख से कॉर्निया निकालकर उसे जिस एमके मीडिया में रखकर सुरक्षित किया जाता है वह कोरबा को प्राप्त हो चुका है। कॉर्निया निकालने के पश्चात उसे तत्काल बिलासपुर स्थित सिम्स भेज कर वहां उसे किसी दृष्टिहीन को प्रत्यारोपित कर दिया जाएगा। डॉ सहारे ने बताया कि कोरबा में भी नेत्र दान और देहदान करने वालो के परिजन उन लोगों को देख पाएंगे जिनके शरीर में उनके ही परिवार के किसी व्यक्ति का अंग प्रत्यारोपित किया गया है। जिसके जरिए वे विधाता की इस खूबसूरत दुनिया का आनंद उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नेत्रदान और देहदान में परिजनों की स्वीकृति आवश्यक है। इससे पूर्व नेत्र विशेषज्ञ और मेडिकल कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मनी किरण कुजूर ने नेत्रदान की प्रक्रिया की जानकारी दी। डॉ कुजूर ने बताया की कॉर्निया निकालने के तत्काल बाद पहले से तैयार टीम उसे जरूरतमंद की आंखों में प्रत्यारोपित कर देती है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद कोरबा इकाई के प्रथम अध्यक्ष रहे मुरलीधर मखीजा ने नेत्रदान और देहदान की घोषणा की। परिषद के वरिष्ठ सदस्य डी के कुदेशिया ने परिषद के स्थापना का उद्देश्य और अब तक के सफर के विषय में पत्रकारों को अवगत कराया। पत्रकार वार्ता में भारत विकास परिषद की प्रांतीय इकाई के महासचिव नरेश अग्रवाल कोरबा, सचिव कन्हैयालाल सोनी, कोषाध्यक्ष प्रेम रवि चंदानी, पूर्व सचिव और भारत को जानो प्रतियोगिता के प्रांतीय प्रभारी विष्णु शंकर मिश्रा, पूर्व प्रांतीय महासचिव कैलाश अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, तकनीकी सहयोगी अंशु अग्रवाल, श्रीमती पद्मिनी साहू सहित भारत विकास परिषद के कई पदाधिकारी व सदस्य भी उपस्थित रहे।




पत्रकारवार्ता में जानकारी देते डीन श्री सहारे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

